**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to provide salary to employees in Government Departments at par with permanent employees in Dadara and Nagar Haveli and Daman and Diu-laid.

**श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली):** मेरा संसदीय क्षेत्र दादरा नगर हवेली के साथ दमन और दीव जुड़ा हुआ है जोकि एक केन्द्र शासित प्रदेश भी है । सरकार के विभिन्न विभागों में जिनमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं लोक निर्माण विभागों में अस्थायी श्री श्रेणी तथा डी श्रेणी के कर्मचारी कार्यरत हैं । ऐसे अस्थायी कर्मचारी वर्षों से स्थायी कर्मचारियों के साथ बराबर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अस्थायी कर्मचारियों तथा स्थायी कर्मचारियों के वेतन में बहुत अधिक असमानता है । वेतन कम मिलने के कारण अस्थायी कर्मचारियों को अपने परिवार तथा बच्चों के खर्च को पूरा करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । जबकि विभागों के अंदर ऐसे अस्थायी कर्मचारियों की कार्य करने की दक्षता और क्षमता स्थायी कर्मचारियों के समान है । तथा ऐसे कर्मचारी सीधे जनता की सेवा कर रहे हैं । लेकिन वेतनमान में असमानता के कारण ऐसे कर्मचारी स्वयं अपने बच्चों को शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं देने में असमर्थ हो रहे हैं, क्योंकि उनका वेतन कई वर्षों से स्थिर है और उनकी नौकरी अस्थाई है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि मेरे क्षेत्र दादर और नगर हवेली एंव दमन दीव के विभागों में अस्थायी कर्मचारियों की असमानता को दूर करने हेतु सभी के पद को स्थायी किया जाए जिससे ऐसे कर्मचारी भी अपनी आजीविका से परिवार का पालन-पोषण के साथ बच्चों को शिक्षित तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें । तभी हम 'सबका साथ सबका विकास' के नारे को सच में बदल सकते हैं ।